भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2999
29 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में उपलब्ध एमबीबीएस सीटें

2999 #चौधरी सुखराम सिंह यादवः
श्रीमती छाया वर्माः
श्री विशम्भर प्रसाद निषाद:
श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कुल कितनी एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं;
(ख) गत पाँच वर्षों के दौरान देश में एमबीबीएस आयुर्विज्ञान की सीटों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) गत पाँच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा आयुर्विज्ञान की कितनी सीटे बढ़ाई गई हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क): राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश में एमबीबीएस की 89875 सीटें उपलब्ध हैं।

(ख): सीबीएसई और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अनुसार, नीट (यूजी)-2017 से 2021 तक के लिएपंजीकृत अभ्यर्थियों का ब्यौरा निम्नवत है:

वर्ष	नीट (यूजी) के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या
2017	11,38,890
2018	13,26,725
2019	15,19,375
2020	15,97435
2021	16,14,777

(ग): राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की सूचना के अनुसार, एमबीबीएस सीटों की संख्या2016-17 में 65183 थी, जो वर्ष2021-22 में बढकर 89875 हो गई है।

*****